**दिनांक–21.01.2026 को अपर सचिव–सह–मुख्य निगरानी पदाधिकारी, शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में विभागान्तर्गत संबंधित सभी निदेशालयों/कार्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ निगरानी संबंधी मामलों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–**

**उपस्थितिः पंजी के अनुसार (छायाप्रति संलग्न)।**

आज दिनांक– दिनांक–21.01.2026 को 03:00 बजे अपराह्न से अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में निगरानी संबंधी मामलों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में विभागान्तर्गत निगरानी संबंधी मामलों से संबंधित सभी निदेशालयों/कार्यालयों के प्रभारी पदाधिकारी/उनके प्रतिनिधि प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुए तथा कतिपय निदेशालय/कार्यालय से उपस्थिति नहीं रही, जिस पर अप्रसन्नता जाहिर किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के प्रतिवेदन की अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा एवं विस्तृत चर्चा की गई।

**समीक्षोपरान्त निम्न निदेश दिये गये :–**

1. निगरानी विभाग द्वारा विकसित पोर्टल के संबंध में चर्चा की गई। पोर्टल पर लंबित मामलों/परिवादों की प्रति संबंधित निदेशालय/कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है। जो मामला/परिवाद (प्रति संलग्न) की प्रति संबंधित निदेशालय/कार्यालय को प्रेषित किया गया है, उक्त पर सक्षम प्राधिकार से जाँच कराते हुए शीघ्र निष्पादित किया जाय तथा कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, ताकि प्रतिवेदन पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।
2. अभियोजन स्वीकृति के लंबित मामलों में ससमय प्रतिवेदन निगरानी विभाग को उपलब्ध कराते हुए एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
3. विभागान्तर्गत निगरानी संबंधी मामलों से संबंधित सभी निदेशालयों/कार्यालयों के प्रभारी पदाधिकारी/उनके प्रतिनिधि को लंबित परिवाद पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

ह0/–
(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–मुख्य निगरानी पदाधिकारी,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–18/वि0–01–19/2024............ पटना दिनांक–........................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, निगरानी विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अपर सचिव–सह–मुख्य निगरानी पदाधिकारी।

ज्ञापांक–18/वि0–01–19/2024 131 पटना दिनांक– 29-01-2026

प्रतिलिपिः– राज्य परियोजना निदेशक, बी0ई0पी0सी0/निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0/प्रबन्ध निदेशक, बी0एस0ई0आई0डी0सी0/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कार्यालय/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना/निदेशक, जन शिक्षा निदेशालय/निदेशक, प्रशासन निदेशालय/मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बी0बॉस/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना/ सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड/निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र/प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0/श्री उपेन्द्र कुमार, अवर सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सचिव के आशुलिपिक/आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Vijay 29/1/26

अपर सचिव–सह–मुख्य निगरानी पदाधिकारी।

निगरानी संबंधी यथा–ट्रैप/भ्रष्टाचार/प्रत्यानुपातिक धनोपार्जन एवं पद के दुरूपयोग तथा शिकायत/परिवादो के मामलो से संबंधित दिनांक–21.01.2026 को 03:00 बजे अपराहन में आहूत समीक्षात्मक बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारी की उपस्थितिः–

| क्र0 स0 | विभाग / कार्यालय | भाग लेने वाले पदाधिकारी का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षा विभाग | श्री विजय कुमार | मुख्य निगरानी पदाधिकारी | Vijay 21/1/2026 |
| 2. | राज्य परियोजना निदेशक, बी0ई0पी0सी0 | | | for 21.1.26 |
| 3. | निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 | | | |
| 4. | प्रबन्ध निदेशक, बी0एस0ई0आई0डी0सी0 | | | for 21.1.26 |
| 5. | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा | | | |
| 6. | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कार्यालय | | | For 21.1.26 |
| 7. | निदेशक, प्राथमिक शिक्षा | | | |
| 8. | निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना | | | For Md [illegible] |
| 9. | निदेशक, जन शिक्षा निदेशालय | | | [illegible] 21/01/26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | निदेशक, प्रशासन निदेशालय | | | |
| 11. | मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बी0बॉस | | | |
| 12. | सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना | | | |
| 13. | सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना | | | |
| 14. | सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड | | | |
| 15. | निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र | | | |
| 16. | प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0 | | | |

## निगरानी विभाग (पोर्टल) से प्राप्त परिवाद निदेशालयवार/**कार्यालयवार**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक निदेशालय | –55 परिवाद |
| 2. | माध्यमिक निदेशालय | –36 परिवाद |
| 3. | प्रशासन निदेशालय | – 08 परिवाद |
| 4. | बिहार विद्यालय परीक्षा समिति | –03 परिवाद |
| 5. | मध्याह्न भोजन निदेशालय | –04 परिवाद |
| 6. | बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् | – 01 परिवाद |
| 7. | एस0सी0ई0आर0टी0 | –01 परिवाद |
| 8. | बी0एस0ई0आई0डी0सी0 | –01 परिवाद |
| 9. | जन शिक्षा निदेशालय | –01 परिवाद |
| | कुल– | 110 परिवाद |